देना बैंक
DENA BANK

वार्षिक विवरण
Annual Report
2013 - 2014

देना बैंक

प्रधान कार्यालय

देना कॉर्पोरेट सेंटर, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),

मुंबई - 400 051

www.denabank.com

Dena Bank

Head Office

Dena Corporate Centre C-10, G, Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East),

Mumbai 400 051

www.denabank.com

PDF processed with CutePDF evaluation edition www.CutePDF.com

10 मई, 2014 की स्थिति के अनुसार As on May 10, 2014

निदेशक मंडल Board of Directors

श्री अश्वनी कुमार
Shri Ashwani Kumar
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman and Managing Director

श्रीमती तृष्णा गुहा
Smt. Trishna Guha
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

श्री आर.के.टक्कर
Shri R. K. Takkar
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

सुश्री ऐना रॉय
Ms. Anna Roy
भारत सरकार की नामिती
Govt. of India Nominee

श्री वी.वसंतन
Shri V. Vasanthan
भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती
Reserve Bank of India Nominee

श्री एस.पी.शर्मा,
Shri S. P. Sharma
कामगार कर्मचारी निदेशक
Workmen Employee Director

श्री एम.एल.गुप्ता,
Shri M.L. Gupta
अधिकारी कर्मचारी निदेशक
Officer Employee Director

श्री जे.बालासुब्रमणियन,
Shri J. Balasubramanian
भारत सरकार द्वारा नियुक्त
Appointed by Govt. of India

श्री विजय कपूर,
Shri Vijay Kapoor
भारत सरकार द्वारा नियुक्त
Appointed by Govt. of India

श्री राकेश गोयल,
Shri Rakesh Goel
भारत सरकार द्वारा नियुक्त
Appointed by Govt. of India

श्री ए.सुब्रमण्य
Shri A. Subramanya,
भारत सरकार द्वारा नियुक्त
Appointed by Govt. of India

श्री रोहित एम.देसाई
Shri Rohit M Desai
शेयर धारक निदेशक
Shareholder Director

श्री मुकेश मोहन
Shri Mukesh Mohan
शेयर धारक निदेशक
Shareholder Director

डॉ.पी.एस.पसरीचा
Dr. P. S. Pasricha
शेयर धारक निदेशक
Shareholder Director

वर्ष 2013-2014 के दौरान निम्नलिखित निदेशक भी बैंक के निदेशक मंडल में शामिल थे.

During the year 2013-2014, the following Directors also served on the Board of the Bank

डॉ. प्रीतम सिंह (24.04.2013 तक)
Dr. Pritam Singh (Upto 24.04.2013)

श्री एस.के.जिंदल, (29.09.2013 तक)
Shri S. K. Jindal (Upto 29.09.2013)

श्री ए.के.दत्त (31.01.2014 तक)
Shri A. K. Dutt (Upto 31.01.2014)

श्री रजत सचर (16.04.2014 तक)
Shri Rajat Sachar (Upto 16.04.2014)

सांविधिक लेखापरीक्षक Statutory Auditors

मे.एस.एन. धवन एण्ड कं., नई दिल्ली	M/s S N Dhawan & Co., New Delhi
मे.एस.सी.अजमेरा एण्ड कं., उदयपुर	M/s S C Ajmera & Co., Udaipur
मे.आनंद एण्ड पोन्नप्पन, चेन्नई	M/s Anand & Ponnappan, Chennai
मे.ए.पी.ए.एस. एण्ड कं., रायपुर,	M/s A P A S & Co., Raipur

महाप्रबंधकगण General Managers

1. श्री एम.के.शर्मा Shri M K Sharma
2. श्री आर.एस.बोरा Shri R S Bora
3. श्री बी.एम.नंदा Shri B M Nanda
4. श्री एम.के.भाटिया Shri M K Bhatia
5. श्री एस.के.शर्मा Shri S K Sharma
6. श्री टी.के.पाल Shri T K Pal
7. श्री एस.सरकार Shri S Sarkar
8. श्री के.सी.छीपा Shri K C Chhipa
9. श्री डी.के.दुआ Shri D K Dua
10. श्री एस.के.वाधवा Shri S K Wadhwa
11. श्री जी.सी.गर्ग Shri G C Garg
12. श्री राजीव अग्रवाल Shri Rajiv Aggarwal
13. श्री सी.एस.मीना Shri C S Meena

वर्ष 2013-2014 के दौरान निम्नलिखित महाप्रबंधक भी बैंक की सेवा में थे:

During the year 2013-2014 the following General Managers also served the Bank

1. श्री एम.के.जैन (मु.म.प्र.)Shri M. K. Jain (CGM)
2. श्री आर.के.गुप्ता Shri R K Gupta
3. श्री एस.एन.पटेल Shri S N Patel
4. श्री जे.के.सिंह खर्ब Shri J K Singh Kharb
5. श्री एन.रामा राव Shri N Rama Rao

अनुपालन अधिकारी
श्री आर. जोति कलिंगरायन

Compliance Officer
Shri R Jothi Kalingaraayan

कंपनी सचिव
श्री अमित कुमार

Company Secretary
Shri Amit Kumar

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट
मे.शेयरप्रो सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड,
यूनिट: देना बैंक,
सम्हिता कॉप्लेक्स, दुकान सं.52 से 56, बिल्डिंग सं.- 13-ए-बी, साकीनाका टेलीफोन एक्सचेंज के पास, अंधेरी कुर्ला रोड, साकीनाका, मुंबई - 400 072.
टेलीफोन : 67720300/ 400/ 353/ 385
टेलीफैक्स: 2837 5646
ईमेल: sharepro@shareproservices.com

Registrars and Share Transfer Agents
M/s. Sharepro Services (India) Private Limited
Unit: Dena Bank,
Samhita Complex, Gala No. 52 to 56, Bldg. No. 13 A-B,
Near Sakinaka Telephone Exchange,
Andheri-Kurla Road, Sakinaka, Mumbai- 400 072
Tel: 67720300/ 400/ 353/ 385
Tele- Fax: 2837 5646
E-mail: sharepro@shareproservices.com

महत्वपूर्ण सूचना		Important Information	
प्रस्तावित अंतिम लाभांश	₹ 1.10 प्रति शेयर (11%)	Proposed Final Dividend	₹ 1.10 per share (11%)
बहियां बंद रहने की अवधि	21.06.2014 से 28.06.2014	Book Closure	21.06.2014 to 28.06.2014
वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि व समय	शनिवार, 28.06.2014 (प्रात: 11.00 बजे)	Date and Time of AGM	Saturday, 28.06.2014 (11:00 A.M.)
वार्षिक सामान्य बैठक का स्थान	ऑडिटोरियम, सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, जे.वी.पी.डी. स्कीम, कूपर अस्पताल के पास, जुहू विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई - 400 056.	AGM Venue	Auditorium, Sir Sorabji Pochkhanawala Bankers' Training College, J.V.P.D. Scheme, Near Cooper Hospital, Juhu Vile Parle (West), Mumbai-400 056

सूचना NOTICE

देना बैंक DENA BANK

प्रधान कार्यालय, देना कार्पोरेट सेंटर, सी-1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051.

Head Office: Dena Corporate Centre, C-10, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051

सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि देना बैंक के शेयर धारकों की अठारहवीं वार्षिक सामान्य सभा शनिवार, 28 जून, 2014 को प्रात: 11.00 बजे सभागृह, सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, जे.वी.पी.डी. स्कीम, विले पार्ले (पश्चिम) मुंबई - 400 056 में निम्नांकित कार्यों को संपादित करने हेतु आयोजित होगी.

1. "31 मार्च 2014 के तुलन पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ एवं हानि लेखों, बैंक के कामकाज एवं गतिविधियों पर निदेशक मण्डल की रिपोर्ट तथा तुलन पत्र और लेखा पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श, अनुमोदन एवं अंगीकार करना."

2. "वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए ईक्विटी शेयरों पर लाभांश घोषित करना."

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
कृते देना बैंक

अश्वनी कुमार

स्थान : मुंबई
दिनांक: 19.05.2014

(अश्वनी कुमार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Eighteenth Annual General Meeting of the Shareholders of Dena Bank will be held on Saturday, 28th June, 2014 at 11.00 A.M. at Auditorium, Sir Sorabji Pochkhanawala Bankers' Training College, J.V.P.D. Scheme, Near Cooper Hospital, Juhu Vile Parle (West), Mumbai-400 056 to transact the following businesses: -

1. "To discuss, approve and adopt the Balance Sheet and Profit & Loss Account of the Bank, for the year ended 31st March, 2014, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts."

2. "To declare Final Dividend on Equity Shares for the financial year 2013-14".

By Order of the Board of Directors
For Dena Bank

Place: Mumbai
Date: 19.05.2014

(Ashwani Kumar)
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR

टिप्पणियाँ :

1. मुख्तारी की नियुक्ति

सभा में उपस्थित रहने और मतदान करने का / के पात्र शेयरधारक अपने स्थान पर सभा में किसी अन्य को उपस्थित रहने तथा मतदान करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होगा / होगी. प्रतिनिधित्व प्रभावी हो, इस दृष्टि से प्रतिनिधि नियुक्त करने के पात्र अर्थात मुख्तारी फार्म में सूचना अठारहवीं वार्षिक सामान्य सभा की तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात सोमवार, 23 जून, 2014 को काम-काज का समय समाप्त होने के समय या उससे पूर्व बैंक को विनिर्दिष्ट स्थल पर अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए.

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

ऐसी कोई कम्पनी निगमित निकाय, जो बैंक की शेयरधारक हो, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई भी ऐसा व्यक्ति सभा में उपस्थित रहने या मतदान करने का तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति विषयक संकल्प, जिस सभा में वह पारित हुआ था, उसके सभापति द्वारा सत्यापित किया हुआ, की प्रतिलिपि अठारहवीं वार्षिक सामान्य सभा की तिथि से कम से चार दिन पहले अर्थात सोमवार, 23 जून, 2014 को कामकाज का समय समाप्त होने से पूर्व कम्पनी सचिव, देना बैंक, प्रधान कार्यालय, देना कार्पोरेट सेंटर, तीसरी मंजिल, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400 051. के पास जमा न करा दी जाए.

3. उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है. शेयरधारकों/मुख्तारनामा धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसमें दिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करके उसे सभा स्थल पर प्रस्तुत करें । शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि / मुख्तारी उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची में मुख्तारी या प्राधिकृत प्रतिनिधि, जैसी भी स्थिति हो,का उल्लेख करें. सभा स्थल में प्रवेश की अनुमति केवल वैध उपस्थिति पर्ची -सह - प्रवेश पास के आधार पर ही दी जाएगी.

NOTES:

1. APPOINTMENT OF PROXY

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/ HERSELF. The proxy, in order to be effective must be received by the Bank at the place specified in the proxy form, not later than FOUR DAYS before the date of the Eighteenth Annual General Meeting i.e. on or before the close of office hours on Monday, 23rd June, 2014.

2. APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a company or any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited with the Company Secretary, Dena Bank, Investor Relation Centre, Dena Corporate Centre, 3rd Floor, C-10, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai- 400051 not later than FOUR days before the date of the Eighteenth Annual General Meeting i.e. on or before the close of office hours on Monday, 23rd June, 2014.

3. ATTENDANCE SLIP-CUM-ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-cum-Entry-Pass is annexed to this report. Shareholders / Proxy holders/ Authorised Representatives are requested to affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy / Authorised Representative of the shareholder should state on the Attendance slip-cum-entry pass as 'Proxy' or 'Authorised Representative' as the case may be. Entry to the venue will be permitted only on the basis of valid Attendance Slip-cum-Entry Pass.

सूचना NOTICE

4. बही बन्द रखना

बैंक का शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण रजिस्टर वार्षिक सामान्य सभा और लाभांश की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार, 21 जून, 2014 से शनिवार, 28 जून, 2014 (दोनों दिन शामिल) तक बन्द रहेंगे ।

5. लाभांश का भुगतान

निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तावित लाभांश का भुगतान दिनांक 28 जून 2014 तक शेयरों के अंतरण के लिए प्राप्त अनुरोध पर विचार करने के बाद उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके पास शेयर कागजी रूप में मौजूद हैं और जिनका नाम 28 जून, 2014 को बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में दर्ज है, तथा ऐसे शेयरधारक जिनके पास शेयर बेकागजीकृत रूप में हैं उन्हें लाभांश का भुगतान, डिपॉजिटरी द्वारा 20 जून, 2014 को समाप्त कामकाज के समय तक उपलब्ध लाभार्थ स्वामित्व के विवरणों यथा बैंक खाते एवं पते के विवरण के आधार पर किया जाएगा. लाभांश के भुगतान की तारीख 10 जुलाई 2014 होगी और वह वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से 30 दिनों के अंदर भेजी / जमा की जाएगी.

6. अंतरण

कागजी रूप में धारित शेयर प्रमाण पत्रों को अंतरण विलेख सहित बैंक के पंजीयक एवं अंतरण एजेन्ट को भेजा जाना चाहिए.

7. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एन.ई.सी.एस) या लाभांश भुगतान के लिए बैंक का अधिदेश

बैंक लाभांश की राशि जहां कहीं संभव हो, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एन.ई.एफ.टी.)/ राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एन.ई.सी.एस.) के माध्यम से शेयर धारकों के खाते में जमा करेगा. जिन शेयरधारकों के शेयर इलेक्ट्रॉनिक रुप में हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में अद्यतन परिवर्तन की सूचना और बैंक खाते के विवरण (नया खाता संख्या, यदि कोई हो, बैंक का एम.आई.सी.आर. और आई.एफ.सी. कोड संख्या सहित) अपने डिपॉजिटरी सहभागी को तुरंत सूचित करें, ताकि एन.ई.एफ.टी./ एन.ई.सी.एस. के माध्यम से लाभांश की राशि तुरंत जमा हो सके. जिन शेयरधारकों के शेयर डिमैट रुप में हैं वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए अपने डिपॉजिटरी सहभागी से संपर्क करें.

जिन शेयर धारकों के शेयर भौतिक रुप में हैं वे अपने बैंक के विवरण / अद्यतन विवरण की सूचना बैंक के निवेशक संपर्क केंद्र को या बैंक के शेयर अंतरण एजेंट को दिनांक 20 जून 2014 को या उससे पहले इस नोटिस में नीचे दिये गये पते पर भेजें.

8. दावा न किए गए लाभांश, यदि कोई हो तो

ऐसे शेयरधारकों जिन्होंने वित्तीय वर्ष 1996-97 से 1999-2000 तथा 2006-07 से 2013-14 (अंतरिम) हेतु लाभांश वारंट का नकदीकरण नही किया है / लाभांश प्राप्त नहीं किया है, उनसे निवेदन है कि वे डुप्लीकेट लाभांश वारंट जारी करने/ पुन: वैध करने हेतु बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट से संपर्क करें.

बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 10बी के अनुसार, यदि अदत्त लाभांश खाते में अंतरण के सात वर्षों तक लाभांश की राशि अदत्त रहती है या उसके लिए कोई दावा नहीं किया जाता तो उसे कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षण एवं सुरक्षा फंड (आई.ई.पी.एफ.) में अंतरित कर दिया जाएगा और जिस व्यक्ति की रकम आई.ई.पी.एफ. को अंतरित की गई है वह इस खंड के अंतर्गत बनाये गये नियम के अनुसार उस दावे के संबंध में रकम वापिस प्राप्त करने का पात्र होगा.

9. पते में परिवर्तन

ऐसे शेयरधारक जिनकी शेयर धारिता इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं उनसे अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते में, यदि कोई परिवर्तन हुआ है तो उसकी सूचना अपने डिपाजिटरी को दें न कि रजिस्ट्रार तथा बैंक के शेयर हस्तांतरण एजेण्टों को और ऐसे शेयर धारक, जिनकी शेयर धारिता भौतिक रूप में है, उससे अनुरोध है कि वे उनके पंजीकृत पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार तथा बैंक के शेयर हस्तांतरण एजेण्टों को दें.

4. BOOK CLOSURE

The Register of the Shareholders and the Share Transfer Register of the Bank will remain closed from Saturday, June 21, 2014 to Saturday, June 28, 2014 (both days inclusive), for the purpose of Annual General Meeting and for ascertaining the entitlement of dividend.

5. PAYMENT OF DIVIDEND

Payment of dividend to shareholders as proposed by the Board of Directors shall be paid to those shareholders holding shares in physical form, whose names appear on the Register of Shareholders of the Bank as on 28th June, 2014 after considering the request for transfer of shares received upto 20th June, 2014 and in respect of shares held in dematerialised form, the dividend will be paid on the basis of beneficial ownership details and address, Bank Account etc. as per details to be furnished by the depositories as at the end of business on 20th June, 2014. The date of payment of dividend will be 10th July, 2014 and will be mailed / credited within 30 days from the date of Annual General Meeting.

6. TRANSFERS

Share Certificates in case of physical holding along with transfer deeds should be forwarded to the Registrar & Share Transfer Agent of the Bank.

7. NATIONAL ELECTRONIC CLEARING SERVICE (NECS) and Bank Mandate for Dividend payment

The Bank will credit the dividend amounts to the bank accounts of the shareholders through National Electronic Funds Transfer (NEFT) / National Electronic Clearing Service (NECS) facility, wherever possible. The shareholders, who are holding the shares in electronic form, are, therefore, requested to inform their Depository Participants about their latest change of address and bank mandate details (including new account number, if any, bank's MICR and IFS Code numbers) immediately to ensure prompt crediting of the dividend amounts through NEFT / NECS. The shareholders who are holding the shares in Demat form may approach their DEPOSITORY PARTICIPANTS ONLY for necessary action in this connection.

The Shareholders who are holding their shares in physical form should furnish / update their Bank Mandate details to the Investor Relations Centre of the Bank or to the Share Transfer Agent of the Bank at the address given in this Notice below on or before 20th June, 2014.

8. UNCLAIMED DIVIDEND, IF ANY

The shareholders who have not encashed their Dividend Warrants / received dividend for the financial years 1996-97 to 1999-2000 and 2006-07 to 2012-13 and 2013 -14 (interim), are requested to contact the Registrar and Share Transfer Agent of the Bank for revalidation / issue of the duplicate dividend warrants.

As per Section 10B of the Banking Companies (Acquisitions and Transfer of Undertakings) Act, 1970, the amount of dividend remaining unpaid or unclaimed for a period of seven years from the date of transfer to the Unpaid Dividend Account is required to be transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) established by the Central Govt. under Section 125 of the Companies Act, 2013 and Section 205 C of the companies Act 1956 the person whose amount is transferred to IEPF will be entitled to get refund in respect of such claims in accordance with rule made under this section.

9. CHANGE OF ADDRESS

Shareholders whose holding are in Electronic form are requested to intimate changes, if any, in their registered address to their Depository and not to the Registrar & Share Transfer Agents and Shareholders who are holding the shares in Physical form are requested to intimate changes, if any, in their registered address, to the Registrar and Share Transfer Agents of the Bank at the following address:

शेयरप्रो सर्विसेज (इंडिया) प्रा. लि.
यूनिट : देना बैंक
13 ए/बी सम्हिता कॉम्प्लेक्स, गाला सं. 52 से 56
साकीनाका टेलिफोन एक्स्चेंज
अंधेरी कुर्ला रोड, साकी नाका
मुंबई - 400 072.
टेलीफोन: 022-67720300/400

10. **अपना ई-मेल पता पंजीकृत करके दस्तावेज ई मेल के माध्यम से प्राप्त करें**

कंपनी मामले मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने परिपत्र सं.17/2011 दिनांक 21 अप्रैल 2011 तथा 18/2011 दिनांक 29 अप्रैल 2011 द्वारा कॉर्पोरेट अभिशासन में पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए हैं जिसके द्वारा कंपनी अपनी सामान्य बैठकों के नोटिस, लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट आदि अपने शेयर धारकों को उनके द्वारा कंपनी को दिए गए ई-मेल पते पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेज सकते हैं. स्टॉक एक्स्चेंजों के साथ सूचीबद्धता करार में हाल ही में किए गए संशोधन द्वारा कंपनी को अपनी वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी अपने उन सभी शेयरधारकों को भेजने के लिए अनुमति दी गई है जिनके इस उद्देश्य के लिए कंपनी के पास ई-मेल पते पंजीकृत हैं. आगे, सूचीबद्धता करार के खंड 35(बी) के अनुसार शेयरधारकों को ई-मतदान की प्रक्रिया ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी. जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपने ई-मेल आई.डी पंजीकृत नहीं कराए हैं और उनके शेयर भौतिक रुप में है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल आई डी रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट के पास पंजीकृत करवाएं. यदि उनके शेयर इलेक्ट्रानिक रुप में हैं तो वे अपने डिपाजिटरी सहभागी के पास अपना ई-मेल आईडी दर्ज करवाएं ताकि इसके बाद उनको दस्तावेज उक्त ई-मेल पते पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजे जा सके. उनकी सुविधा के लिए ई-मेल के विवरण सूचित करने के लिए फार्मेट वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रुप में संलग्न है.

11. ई-मतदान प्रक्रिया

बैठक की कार्रवाई इलेक्ट्रानिक मतदान के द्वारा की जाएगी और बैंक इलेक्ट्रानिक माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान कर रहा है. उपयोगकर्ता आईडी, पासवर्ड तथा एन.एस.डी.एल. द्वारा सृजित ई-मतदान चक्र शेयरधारकों को हमारे आर एण्ड टी एजेंट द्वारा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / ईमेल से अंतिम तारीख अर्थात शुक्रवार, 23 मई 2014 को कार्यसमय समाप्त होने के समय भेजा जाएगा. प्रथम लॉग इन के बाद शेयरधारक द्वारा पासवर्ड बदला जाना है. शेयरधारकों को ड्रॉप डाउन सूची से बैंक का नाम चुनना होगा और उसमें दिए गए सभी संकल्पों के लिए अपना मतदान करना होगा. ई-मतदान प्रक्रिया रविवार, 22 जून 2014 से मंगलवार, 24 जून 2014 तक खुली रहेगी. शेयरधारक द्वारा एक बार मतदान किये जाने के बाद उसमें संशोधन नहीं किया जा सकेगा. मतदान अवधि की समाप्ति पर एजेंसी वोटों को ब्लॉक कर देगी. संविक्षाकर्ता ई-मतदान अवधि समाप्त होने की तिथि से 3 कार्यदिवस की अवधि तक बैंक के कर्मचारियों को छोड़कर कम से कम दो साक्षियों की उपस्थिति में वोटों को अनब्लॉक करेंगे. संविक्षाकर्ता ई-मतदान के माध्यम से किए गए मतदान के परिणामों के विवरण डाउनलोड करेगा और संविक्षाकर्ता की रिपोर्ट तैयार करके उसे बैंक के अध्यक्ष को भेजेगा. ई-मतदान की पूरी प्रक्रिया बैठक से तीन दिन पहले ही पूरी हो जाएगी. वार्षिक सामान्य बैठक की कार्यसूची में रखी गयी मदों के संबंध में मतदान प्रक्रिया केवल मतदान द्वारा ही होगी.

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते देना बैंक

अश्वनी कुमार

(अश्वनी कुमार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक : 19.05.2014

Sharepro Services (India) Private Limited
Unit: Dena Bank,
13 A/B Samhita Complex, Gala no.-52 to 56,
Near Saki Naka Telephone Exchange,
Andheri Kurla Road, Saki Naka,
Mumbai 400 072
Tel: 022-67720300/ 400

10. RECEIVE DOCUMENTS THROUGH E-MAIL BY REGISTERING YOUR E-MAIL ADDRESS

The Ministry of Corporate Affairs, Government of India had taken a "Green Initiative in the Corporate Governance" vide its circular nos. 17/2011 dated April 21, 2011 and 18/2011 dated April 29, 2011 vide which the company may serve the Notice of General Meetings, Audited Financial Statements, Directors' Report, Auditors' Report, etc. to its shareholders through electronic mode, at the E-mail address provided by them to the Company. The listing agreement with the Stock Exchanges also permits a Company to send soft copies of the Annual Report to all those shareholders who have registered their email address for the purpose. Further, as per clause 35B of the Listing Agreement e-voting process will be mailed to shareholders through e-mail. Shareholders who have not yet registered their e-mail id are requested to register the same with our R&T Agent, if holding the Bank's shares in physical form and with depository participant if holding the Bank's share in electronic form, so that all such documents can be served upon them henceforth in electronic mode at the said Email address. For the sake of convenience a format for intimating e-mail details is attached as a part of the Annual Report.

11. E-VOTING PROCESS

The business shall be transacted through electronic voting system and the Bank is providing facility for voting by electronic means. The User Id, Password and E-voting cycle will be sent to all shareholders on the cut-off date i.e. the close of the business hours on Friday, 23rd May, 2014 by our R&T Agent, generated by NSDL, by registered post/ speed post/ e-mail. After the first login, the password has to be changed by the shareholders. The shareholders have to choose the Bank's name from the drop down list and cast their vote for all the resolutions contained therein. The e-voting process shall remain open from Sunday, 22nd June, 2014 to Tuesday, 24th June, 2014. Once a shareholder casts his vote it cannot be modified subsequently. The agency shall block the votes at the end of the voting period. The Scrutinizer shall within a period not exceeding three working days from the date of conclusion of the e-voting period, unblock the votes in the presence of at least two witnesses other than employee of the Bank. The Scrutinizer will download the details of the voting results done through e-voting and prepare the Scrutinizer's Report and forward it to the Chairman of the Bank. The whole process of e-voting shall be completed three days prior to the meeting. The voting process in respect of the items on the agenda at the AGM shall be only by poll.

By Order of the Board of Directors
For DENA BANK

(Ashwani Kumar)
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR

Place: Mumbai
Date: 19.05.2014

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR'S STATEMENT

प्रिय शेयरधारको,

वित्त वर्ष 2013-14 के लिए आपके बैंक की अठारहवीं वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है. इस महान संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में मैं आपको लगातार दूसरे वर्ष संबोधित कर रहा हूं.

वित्त वर्ष 2013-14 एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा जिसमें कठिन आर्थिक परिस्थितियां बनी रही.

मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी होती है कि आपके निरंतर सहयोग और ग्राहकों के विश्वास से आपके बैंक ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक वातावरण तथा विपरीत बाजार स्थितियों में भी प्रगति जारी रखी और 31.03.2014 को अब तक का सबसे अधिक ₹ 1,88,650.00 करोड़ का संमिश्र कारोबार प्राप्त किया.

वर्ष के दौरान भारत सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम तथा भारतीय साधारण बीमा निगम ने बैंक की शेयर पूंजी में क्रमश: ₹ 700 करोड़, ₹ 282 करोड़ तथा ₹ 84 करोड़ का अभिदान किया. इसके अतिरिक्त भारतीय जीवन बीमा निगम ने ₹ 780 करोड़ के बेसल III अनुपालन वाले टीयर II बॉण्ड में भी अभिदान किया. इस प्रकार पूंजी में वृद्धि से बैंक ने अपने कारोबार का विस्तार किया और कठोर बेसल III मानदंडों के अंतर्गत बैंक ने पूंजी पर्याप्तता अनुपात में भी सुधार किया.

वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक के निष्पादन की विशेषताएं आपके समक्ष रखने से पूर्व मैं आपको आर्थिक और वित्तीय वातावरण के बारे में भी जानकारी देना चाहता हूं, जिसका बैंक के समग्र निष्पादन पर व्यापक प्रभाव पड़ा.

1. वैश्विक आर्थिक वातावरण

वैश्विक क्रियाकलाप तथा विश्व व्यापार ने 2013 की दूसरी छमाही में गति पकड़ी. 2013 की दूसरी छमाही में उभरते बाजार तथा विकासशील अर्थव्यवस्था ने भी गति पकड़ी, लेकिन विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में वह गति कमजोर रही.

यूनायटेड स्टेटस् ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई. 2014 में यूनायटेड स्टेटस् में विकास दर 2.75% रहने की आशा है.

यूरो क्षेत्र मंदी से उभर रहा है. 2014 में यह विकास दर 1.20% तक तथा 2015 में 1.50% रहने की संभावना है. लेकिन फिर भी प्रगति समान नहीं रहेगी. यह प्रगति सामान्यत: दबावपूर्ण अर्थव्यवस्था में संतुलित रहेगी.

जापान में वार्षिक विकास दर 2014 में 1.40% तथा 2015 में 1.00% तक संतुलित रहने की उम्मीद है.

उभरते बाजार तथा विकासशील अर्थव्यवस्था में यह विकास दर क्रमश: 2013 में 4.70% से 2014 में लगभग 5.00% तथा 2015 में 5.25% तक रहने की संभावना है.

संक्षेप में वैश्विक विकास दर 2013 में 3.00% से 2014 में 3.60% तथा 2015 में 3.9% तक बढ़ने की संभावना है.

यद्यपि अत्यधिक मंदी का दौर निकल चुका है, वैश्विक अर्थव्यवस्था 2014 में विकास पथ पर रहने की संभावना है, फिर भी संकुचित वित्तीय परिस्थितियों और मुद्रा स्फीति में अंतर से जोखिम उत्पन्न होगा.

2. घरेलू आर्थिक परिदृश्य

नए वित्त वर्ष के आरंभ में यह आशा उत्पन्न हुई कि अर्थव्यवस्था मंदी से उभरेगी. 2013-14 की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान क्रमश: 4.8 तथा 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर रिकार्ड की गई जो कि यह दर्शाते हैं कि आर्थिक मंदी जिसने 2010-11 की चौथी तिमाही की विकास दर 9.6% को नीचे गिराकर 2013-14 की प्रथम तिमाही में 4.4% कर दिया था वह अब समाप्त हो गई है. इसके अतिरिक्त आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने 2014 के लिए 4.9% की विकास दर का अनुमान लगाया है जोकि 2013 के दौरान प्राप्त 4.5% की दर से अधिक है.

फिर भी, वैश्विक वित्तीय अशांति के कारण पूंजी का बहिर्गमन हुआ और विनिमय दर पर दबाव बढ़ा. भारतीय रिज़र्व बैंक के कठोर नीतिगत उपायों से मुद्रा स्थिर हुई, रिज़र्व पुन: बना तथा चालू खाते के बढ़ते घाटे को कम किया. भारत के व्यापार घाटे में अप्रैल - फरवरी 2012-13 से अप्रैल - फरवरी 2013-14 के दौरान 29% की कमी हुई और इस अवधि के दौरान अधिकांश उभरते बाजार की मुद्राओं की तुलना में रूपये की स्थिति अच्छी रही.

Dear Shareholders,

It gives me immense pleasure to place before you the 18th Annual Report of your Bank for the financial year 2013-14. This is the second year in succession that I am addressing you as the Chairman and Managing Director of this great institution.

The FY 2013-14 was a challenging year that witnessed tough economic conditions.

I am pleased to inform you that with your unstinted support and confidence of the customers, your Bank showed resilience in this challenging macroeconomic environment and adverse market conditions and achieved an all-time high Business Mix of ₹1,88,650 cr as on 31st March, 2014.

During the year, Government of India (GOI), Life Insurance Corporation of India (LIC) and General Insurance Corporation of India (GIC) subscribed to share capital of the Bank by an amount ₹ 700 cr, ₹ 282 cr and ₹ 84 cr respectively. Additionally LIC also subscribed to Basel III compliant Tier – 2 Bonds by an amount ₹ 780 cr. These capital infusions enabled the Bank to expand business and also to improve Capital Adequacy Ratio of the Bank under stringent Basel III norms.

Before sharing the performance highlights of the Bank during the year 2013-14, I wish to brief you about the economic and financial environment which had a strong bearing on the overall performance of the Bank.

1. Macro Economic Environment:

Global activity and world trade picked up in the second half of 2013. Growth also picked up in the emerging market and developing economies (EMDEs) during H2 of 2013, but the momentum looks weaker than in the Advanced Economies (AEs).

The United States has long been the main engine driving the global economy. In 2014 growth in the United States is expected to be 2.75%.

The euro area is turning the corner from recession to recovery. Growth is projected to strengthen to 1.20 % in 2014 and 1.50 % in 2015, but the recovery will be uneven. The pickup will generally be more modest in economies under stress.

In Japan, annual growth is expected to moderate at 1.40 % in 2014, and 1.00 % in 2015.

In EMDEs the growth is projected to pick up gradually from 4.70% in 2013 to about 5.00% in 2014 and to 5.25% in 2015.

To sum up global growth is projected to increase from 3.00% in 2013 to 3.60% in 2014 and 3.90% in 2015.

While the worst fears have faded, Global Recovery will be on track in 2014, though tightening financial conditions and the divergence in inflation pose risks.

2. Domestic Economic Development

The beginning of the new FY ushers in a hope that worst is likely to be over in economic front. Improvement recorded in growth rate during Q2 and Q3 of 2013-14 to 4.8 and 4.7 per cent respectively, are indications that the economic slowdown that caused the spiraling down of growth rate 9.6% in Q4 of 2010- 11 to 4.4% in Q1 of 2013-14 has bottomed up. Further Organization for Economic Cooperation and Development (OECD) has estimated a 4.9% growth for 2014 which is higher than the 4.5% growth achieved during 2013.

Even though, on account of a spell of global financial turbulence caused capital outflows and pressure on the exchange rate, strong policy measures of RBI stabilized the currency, rebuilt reserves, and narrowed the excessive current account deficit. India's trade deficit during April-February 2013-14 reduced by 29% than what it was during April-February 2012-13 and during this period the rupee fared better than most of other emerging market currencies.

दोनों मुद्रा स्फीति सूचकांक - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई.) तथा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.) वर्ष के दौरान घटे. सी.पी.आई. नवंबर 2013 में 11.02% से घटकर फरवरी 2014 में 8.1% के स्तर पर आ गया. 8.1% सी.पी.आई. का 25 महीने में न्यूनतम है. इसी प्रकार उसी अवधि के दौरान डब्ल्यू.पी.आई. में भी महत्त्वपूर्ण गिरावट आई और वह 7.5% से घटकर 4.7% पर आ गया.

भविष्य में अगले वित्त वर्ष में आर्थिक प्रगति होने की संभावना है क्योंकि सुधार की प्रक्रिया जारी है और उसके परिणाम आने लगे हैं. एशियाई विकास बैंक ने भारत की विकास दर 2015 में 6% तक पहुंचने का अनुमान लगाया है.

यह विकास दर रूकी हुई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के कारण, खनन क्षेत्र में आई रूकावट के दूर होने तथा उच्च बाहरी मांग तथा ग्रामीण क्षेत्रों से मांग में वृद्धि, जिसने हाल ही में कृषि में रिकार्ड उत्पादन किया है, के कारण उद्योग में प्रतिप्राप्ति होने की संभावना है.

3. भारतीय रिज़र्व बैंक का नीति वक्तव्य

रूपये के मूल्य में ह्रास तथा खाद्य की कीमतें बढ़ने के कारण पुन: मुद्रा स्फीति का दबाव होने के साथ ही और अनियंत्रित पूंजी खाता घाटे के बीच पूंजी बहिर्गमन तथा विनिमय दर के दबाव को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने मौद्रिक नीति को संकुचित करने के लिए अपवादिक नीतिगत उपाय किए.

प्रथम प्रतिरक्षा के रूप में, जुलाई 2013 से मार्जिनल स्थायी सुविधा (एम.एस.एफ.) दर में 200 आधार अंकों की वृद्धि करके अल्पावधि ब्याज दरें बढ़ाई गई और तरलता समायोजन सुविधा(एल.ए.एफ.) के अंतर्गत उपलब्ध तरलता घटाई गई. जब सितंबर 2013 तक मुद्रा बाजार में सामान्य स्थिति उत्पन्न हुई भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपवादिक तरलता को कम करने के लिए तथा मौद्रिक उपाय के रूप में एम.एस.एफ. दर में 150 आधार अंकों की 3 चरणों में कमी की.

मुद्रा स्फीति जो पुन: बढ़ने लगी थी उसको नियंत्रित करने के लिए पॉलिसी रिपो दर में 75 आधार अंकों में तीन चरणों में वृद्धि की गई.

वर्ष 2014-15 के लिए मौद्रिक नीति के लिए 3 महत्त्वपूर्ण कार्य हैं. प्रथम मुद्रा स्फीति की दर को घटाना. यद्यपि, वर्ष के दौरान मुद्रा स्फीति की दर घटने लगी है, फिर भी यह सामान्य स्तर से अधिक है. द्वितीय असामान्य परिस्थितियों जैसे लगातार 7 तिमाहियों से 5% से कम की जी.डी.पी. वृद्धि तथा पिछले दो वर्षों से औद्योगिक उत्पादन (आई.आई.पी.) के स्थिर सूचकांक को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास सुनिश्चित करना. तीसरा दीर्घावधि के लिए आपूर्ति बाधाओं को ध्यान में रखते हुए नकारात्मक उत्पादन अंतराल को कम करना.

4. बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

बैंकिंग उद्योग की विकास दर जो वित्तीय वर्ष 2013-14 के आरंभ में 13.47% थी वित्तीय वर्ष 2013-14 के अंत में बढ़कर 14.63% तक हो गई. गैरखाद्य साख में 14.26% की वृद्धि हुई जबकि(भारतीय रिज़र्व बैंक) की मौद्रिक नीति समीक्षा 2013 के अनुसार) यह 15% रहने का अनुमान था और यह पिछले वर्ष की 14.68% विकास दर से भी कम है.

बैंक का निष्पादन

चुनौतीपूर्ण वातावरण के बावजूद, आपका बैंक अच्छा निष्पादन दर्शाने में सफल रहा और बैंक ने विभिन्न मानदंडों में सर्वांगीण वृद्धि दर्ज की है. मैं कुछ ऐसे क्षेत्रों के बारे में बताना चाहूंगा जिनमें 2013-14 के दौरान आपके बैंक ने अच्छा निष्पादन दर्शाया.

बैंक का कुल कारोबार मार्च 2013 के ₹1,63,664 करोड़ के स्तर से बढ़कर 15.27% की वृद्धि दर से मार्च 2014 में 1,88,650 करोड़ की नई ऊंचाई पर पहुंच गया.

कुल जमा राशियां 13.19% की वृद्धि के साथ मार्च 2014 को ₹ 1,10,028 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई जबकि मार्च 2013 में वह ₹ 97,207 करोड़ थी.

बैंक के कुल अग्रिम मार्च 2014 को 18.31% की वृद्धि के साथ ₹ 78,622 करोड़ हो गए जबकि मार्च 2013 में वह ₹ 66,457 करोड़ थे.

Both the inflation indices Consumer Price Index (CPI) and Wholesale Price Index (WPI) declined during the year. CPI declined from 11.2% in November 2013 to 8.1% per cent in February 2014. 8.1% is a 25-month low in CPI. Similarly, during the same period WPI also recorded a significant fall from 7.5% to 4.7%.

Going forward, economic growth is likely to accelerate in the next fiscal as the reform process continues and begins to bear fruit. Asian Development Bank has projected India's growth rate to increase to 6% in 2015.

The acceleration in growth will be on account of implementation of stalled projects, debottlenecking of the mining sector and a recovery in industry on higher external demand and also on account of increase in demand from rural base which has recently recorded record agricultural output.

3. Reserve Bank of India Policy Stance

To address the capital outflows and exchange rate pressures amid unsustainable Capital Account Deficit and renewed inflationary pressures on account of the rupee depreciation and food price raise Reserve Bank resorted to exceptional policy measures for tightening the monetary policy.

As a first line of defence, since July 2013, short term interest rates were raised by increasing the marginal standing facility (MSF) rate by 200 bps and curtailing liquidity available under the liquidity adjustment facility (LAF). When orderly conditions were restored in the currency market, by September 2013, the Reserve Bank with a view to tone down exceptional liquidity and monetary measures lowered the MSF rate by 150 bps in three steps.

However, with a view to containing inflation that was once again rising, the policy repo rate was hiked by 75 bps in three steps.

For the year 2014-15, there are three important considerations for the monetary policy. First, reducing the inflation levels. During the year though headline inflation has started coming down, it is above comfort level. Second, ensuring economic growth in light of unprecedented situation such as a sub-5% GDP growth for seven successive quarters and stagnant index of industrial production (IIP) growth for two successive years. Third, addressing negative output gap taking into account supply-side constraints on long-run growth.

4. Banking Industry Trends

Growth of the Scheduled Commercial Bank (SCBs), which was at 13.47% at the beginning of the Financial Year 2013-14, was increased to 14.63% at the end of the Financial Year 2013-2014. Bank Credit registered a Growth of 14.26%, as against 15% projected growth (As per Monetary Policy Review of RBI 2013-14), and it is also less than the previous year Growth of 14.68%.

Performance of the Bank:

Despite this challenging environment, your Bank has been able to perform well, registering an all-round growth in various parameters. I would like to touch upon some of the areas where your Bank has performed well during 2013-14.

Business Mix of the Bank has increased from ₹1,63,664 cr as of March 2013, to a new height of ₹ 1,88,650 cr as of March 2014, registering a growth of 15.27%.

Total Deposits have grown to the level of ₹ 1,10,028 cr as of March 2014 as compared to ₹ 97,207 cr as of March 2013, registering a growth of 13.19%.

Total Advances of the Bank stood at ₹ 78,622 cr as of March 2014 as compared to ₹ 66,457 cr as of March 2013, registering a growth of 18.31%.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR'S STATEMENT

इस वर्ष के दौरान भी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार ऋण निवेश योजनाबद्ध तरीके से किया गया और एम.एस.एम.ई. तथा रिटेल साख पर ध्यान केंद्रित किया गया. एम.एस.एम.ई. ऋण 23.84% वृद्धि के साथ ₹ 13,217 करोड़ तक पहुंच गए, रिटेल ऋण 25.67% की वृद्धि के साथ ₹ 9,706 करोड़ तक पहुंच गए. कृषि क्षेत्र को दिए गए ऋण मार्च 2014 को 19.30% की वृद्धि के साथ ₹ 8,016 करोड़ तक पहुंच गए.

बैंक की कुल आय में ₹ 1,340 करोड़ (14.03%) की वृद्धि हुई जिससे वह ₹ 10,895 करोड़ तक पहुंच गई जबकि पिछले वर्ष के दौरान अर्जित आय ₹ 9,555 करोड़ थी.

बैंक की ब्याज आय 12.13% की वृद्धि के साथ चालू वर्ष के दौरान ₹ 9,978 करोड़ तक पहुंच गई.

जबकि बैंक की निवल ब्याज आय 5.12% की वृद्धि के साथ ₹ 2505 करोड़ तक पहुंच गई जबकि पिछले वर्ष के दौरान वह ₹ 2,383 करोड़ थी.

वर्तमान वर्ष के दौरान गैर ब्याज आय में 40% की वृद्धि हुई जो ₹ 655 करोड़ से बढ़कर ₹ 917 करोड़ के स्तर तक पहुंच गई.

जैसे की पहले कहा गया है चुनौतीपूर्ण आर्थिक वातावरण में भी आपका बैंक ने ₹ 551.66 करोड़ का निवल लाभ दिखाया है.

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी होती है कि बैंक के निदेशक मंडल ने वर्तमान वर्ष के लिए जनवरी 2014 में भुगतान किए गए 11% के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त 11% (₹ 1.10 प्रति शेयर) के अंतिम लाभांश की अनुशंसा की है.

आस्ति गुणवत्ता

वर्ष के दौरान गिरती हुई आस्ति गुणवत्ता के कारण बैंकिंग उद्योग सामान्यत: दबाव में रहा. तथापि, ऐसे चूनौतीपूर्ण वातावरण में भी आपका बैंक सघन प्रयासों के कारण एन.पी.ए. को सीमित रखने में सफल रहा. हाल ही में एन.पी.ए. में गए खातों के उन्नयन, समझौता निपटान के द्वारा वसूली सरफेसी अधिनियम के अधीन आस्तियों की बिक्री के परिणाम में पर्याप्त सीमा तक उन्नयन और नकदी वसूली में सुधार हुआ है.

सकल एन.पी.ए. में समग्र रूप में ₹ 1164 करोड़ की वृद्धि हुई वह 31.03.2013 को ₹ 1452 करोड़ के स्तर से बढ़कर 31.03.2014 को ₹ 2616 करोड़ हो गया. बैंक का सकल एन.पी.ए. अनुपात 31.03.2013 के 2.19% से बढ़कर 31.03.2014 को 3.33% हो गया.

बैंक का निवल एन.पी.ए. 31.03.2013 को 1.39% था और वह 31.03.2014 को 2.35% हो गया. बैंक के निवल एन.पी.ए. में समग्र रूप में ₹ 902 करोड़ की वृद्धि हुई और वह 31.03.2013 को ₹ 917 करोड़ से बढ़कर 31.03.2014 को ₹ 1819 करोड़ तक पहुंच गया.

वर्ष के दौरान, सकेंद्रित प्रयासों से आपके बैंक ने अब तक की सबसे अधिक ₹ 416 करोड़ की नकद वसूली, अब तक की सबसे अधिक ₹ 361 करोड़ का उन्नयन और अब तक का सबसे अधिक ₹ 187 करोड़ का बट्टे खाते में डाली गई रकम की वसूली की.

वर्ष के दौरान बैंक ने विभिन्न क्षेत्रों में 1821 वसूली शिविरों का आयोजन किया जिनमें 25302 उधारकर्ताओं ने भाग लिया. वर्ष के दौरान इन वसूली शिविरों में ₹ 42.60 करोड़ के 7662 खातों का निपटान किया गया और ₹ 21.21 करोड़ के 1233 खातों का उन्नयन किया गया.

नए पूंजी पर्याप्तता मानदंड

मार्च 2014 को बेसल III के अंतर्गत पूंजी से जोखिम (भारित) आस्ति अनुपात (सी.आर.ए.आर.), 9% आवश्यकता के समक्ष उन्नत होकर मार्च 2014 को 11.14% रहा जबकि मार्च 2013 को वह 10.47% था.

31.03.2014 को बैंक की निवल संपत्ति बढ़कर ₹ 5,804 करोड़ हो गई जबकि 31.03.2013 को वह ₹ 4,626 करोड़ थी, इसमें ₹ 1178 करोड़ (25.46%) की वृद्धि हुई.

नेटवर्क और सुपुर्दगी चैनल

सुपुर्दगी चैनलों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए बैंक ने 2013-14 के दौरान 169 नई शाखाएं खोली. मार्च 2014 को बैंक की कुल शाखाओं की संख्या 1633 थी. बैंक की सभी शाखाएं सी.बी.एस. के अंतर्गत परिचालित हैं.

During this year also, in line with National Priorities, deployment has been strategically focused with emphasis on MSME and Retail credit. While MSME loans stood at ₹ 13,217 cr showing an increase of 23.84%, Retail Credit stood at ₹ 9,706 cr, showing an increase of 25.67%. The loans to agriculture sector stood at ₹ 8,016 cr registering a growth of 19.30% as of March 2014.

Total income of the Bank for the year has increased by ₹1,340 cr i.e. an increase of 14.03% and stood at ₹ 10,895 cr compared to income of ₹ 9,555 cr earned during the previous year.

Interest income of the Bank registered an increase by 12.13% and reached a level of ₹ 9,978 cr during the current year.

Bank's net interest income increased by 5.12% and stood at ₹ 2,505 cr as compared to ₹ 2,383 cr posted during the previous year.

Non Interest income has increased by 40% from ₹ 655 cr to ₹ 917 cr during the current year.

As stated earlier, despite challenging economic environment your Bank has posted a Net profit of ₹551.66 cr.

I am happy to announce that the Board of Directors of the Bank have recommended a final dividend of 11% (i.e ₹ 1.10 per Share) for the current year in addition to the interim dividend of 11% paid during January 2014.

Asset Quality:

The asset quality in general has been under stress during the year. However, inspite of such challenging environment, your Bank with its concerted efforts has been able to contain the NPAs. The efforts made for upgradation of recently slipped NPAs, recovery through compromise settlements, action under SARFAESI Act, sale of assets resulted in improving the cash recovery and upgradation to a considerable extent.

The Gross NPA, in absolute terms, increased by ₹ 1,164 cr from ₹ 1,452 cr on 31st March 2013 to ₹ 2,616 cr as on 31st March 2014. Gross NPA ratio of the Bank increased to 3.33 % as on 31.03.2014 from 2.19 % as on 31.03.2013.

The Net NPA ratio of the Bank stood at 2.35% as on 31.03.2014 as against 1.39% as on 31.03.2013. Net NPAs, in absolute terms increased by ₹ 902 cr from ₹ 917 cr as on 31st March 2013 to ₹ 1,819 cr as on 31st March 2014.

During the year, on account of the concerted efforts, your Bank recorded highest ever cash recovery of ₹ 416 cr, highest ever upgradation of ₹ 361 cr and highest ever recovery in Written Off accounts at ₹ 187 cr.

The Bank conducted 1,821 recovery camps during the year, which were attended by 25,302 borrowers. A total of 7,662 accounts were settled for ₹ 42.60 cr and 1,233 accounts were upgraded for ₹ 21.21 cr during the year through such recovery camps.

New Capital Adequacy Norms:

The Capital to Risk (Weighted) Asset Ratio (CRAR) under Basel III improved to 11.14% as of March 2014, compared to 10.47 % as of March 2013, against the requirement of 9%.

The Net Worth of the Bank increased to ₹ 5,804 cr as on 31.03.2014 from ₹ 4,626 cr as on 31.03.2013, registering a growth of ₹. 1,178 cr (25.46%).

Network and Delivery Channels:

In the efforts to expand outreach, Bank has opened 169 new branches during 2013-14. The total number of branches of the Bank stood at 1633 as of March 2014. All the branches of the Bank are covered under CBS.

चालू वर्ष के दौरान बैंक की देश के ऐसे विभिन्न भागों में 150 और शाखाएं खोलने की योजना है जिनमें बैंक की शाखाएं कम हैं और जो क्षेत्र अभी तक बैंकिंग सुविधाओं से वंचित हैं.

ग्राहकों की सुविधा के लिए 31.03.2014 को बैंक के कुल 1421 ए.टी.एम. थे जिनमें 1298 ऑनसाइट तथा 123 ऑफसाइट ए.टी.एम. थे. 23 ए.टी.एम. अंगूठे के निशान से परिचालित किए जा सकते हैं जोकि (वित्तीय समावेशन के अंतर्गत) छोटे ग्राहकों तथा कम पढ़े लिखे ग्राहकों के लिए सुविधाजनक हैं. बायोमैट्रिक ए.टी.एम. ग्राहकों को अनुदेश भी बताते हैं.

मानव संसाधन प्रबंधन

बैंक जैसे संस्थान को सफल होने के लिए यह सुनिश्चित करना बहुत महत्त्वपूर्ण है कि जनशक्ति, जो बैंक के ग्राहकों के साथ संपर्क करते हैं, वह पर्याप्त प्रशिक्षित और कुशल होने चाहिए. बैंक अपने कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों पर स्थित अपने कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करता है और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एन.आई.बी.एम., सी.ए.बी., बी.आई.आर.डी., आदि के माध्यम से ही प्रशिक्षण प्रदान करता है.

वर्ष के दौरान बैंक ने 918 अधिकारियों (जिसमें परिवीक्षाधीन अधिकारी भी शामिल हैं) और 827 लिपिक और 331 अधीनस्थ कर्मचारी भर्ती किए और 588 अधिकारियों को उच्च संवर्ग में पदोन्नति प्रदान की. बैंक ने 586 परिवीक्षाधीन अधिकारियों, 217 विशेषज्ञ अधिकारियों तथा 834 लिपिकों की भर्ती के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी है ताकि वर्ष 2014-15 के दौरान नई शाखाएं खोलने और कारोबार बढ़ाने के लिए कार्मिकों की आवश्यकता पूरी की जा सके.

टेक्नोलॉजी के माध्यम से रूपांतरण

मार्च 2014 को बैंक की सभी 1633 शाखाएं और समस्त कारोबार को सी.बी.एस. के अंतर्गत लाया गया.

देना आई कनेक्ट - इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं और **देना एम कनेक्ट** - मोबाइल बैंकिंग सेवा ग्राहकों को उनके घर या कार्यालय से ही 24x7 बैंकिंग लेन देन करने की सुविधा प्रदान करती है. बैंक के ग्राहक शाखा में गए बिना इंटरनेट के माध्यम से प्रत्यक्ष करों और अप्रत्यक्ष करों का भुगतान कर सकते हैं तथा एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस. के माध्यम से अपनी निधियों का अंतरण भी कर सकते हैं.

मोबाइल बैंकिंग के क्षेत्र में आपके बैंक ने राष्ट्रीय भुगतान काउंसिल द्वारा आरंभ की गई तुरंत भुगतान सेवा (आई.एम.पी.एस.) आरंभ की है जिससे ग्राहक अपने बैंक खातों का संचालन करने के लिए और निधियों का प्रेषण करने के लिए मोबाइल उपकरण का चैनल के रूप में उपयोग कर सकें.

ग्राहकों के लिए सुरक्षा के उपाय के रूप में आपके बैंक ने आर.टी.जी.एस. / एन. ई.एफ.टी. और ए.टी.एम. लेनदेनों सहित एक निर्धारित सीमा से अधिक सभी लेनदेनों के लिए ग्राहकों को एस.एम.एस. अलर्ट भेजना आरंभ कर दिया है.

सावधि जमाओं की परिपक्वता की तिथि तथा ऋण किश्तों की देय तिथि के लिए भी ग्राहकों को एस.एम.एस. अलर्ट भेजे जाते हैं.

बैंक ने नकद जमा, पास बुक प्रिंटिंग, चेक जमा करने, ए.टी.एम. और इंटरनेट बैंकिंग किऑस्क की सेवा प्रदान करने के लिए प्रायोगिक आधार पर दो ई-लॉबियों की स्थापना की है. ग्राहक, दिन के 24x7 आधार पर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं.

प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई ई-लॉबियों के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण करने के बाद वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान पर्याप्त संख्या में ई-लॉबियां की संख्या बढ़ाई जाएगी.

वित्तीय समावेशन योजना

बैंक को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 2768 गांव आवंटित किए गए हैं. तथापि, बैंक ने निर्धारित लक्ष्य पार कर लिया और 2958 गांव वित्तीय समावेशन में शामिल कर लिए. 154 गांव भौतिक शाखाओं द्वारा वित्तीय समावेशन में शामिल किए गए और 2804 गांव कारोबार प्रतिनिधि मॉडल के माध्यम से वित्तीय समावेशन के अंतर्गत शामिल किए गए.

बैंक ने वर्ष के दौरान 4.41 लाख आधारभूत बचत खाते खोले हैं और 4.25 लाख नए खाते खोलने के निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है. बैंक में 24.55 लाख आधार बैंक बचत खाते हैं.

During the current year, Bank proposes to open around 150 more Branches in various parts of the country.

As at 31st March 2014, the Bank has installed 1,421 ATMs comprising of 1,298 on-site ATMs and 123 Off-site ATMs for the convenience of customers. 23 of the ATMs are bio-metric ATMS and can be operated by thumb impression which is convenient for small customers (under financial inclusion) and semi-literate persons. The bio-metric ATMs also speak out instructions to the customers.

Human Resource Development:

For an organization like Bank to succeed, it is of prime importance that human resources are adequately skilled and efficient. Bank has been imparting training to its employees at its in- house training centers at various locations and also through reputed institutions like NIBM, CAB, BIRD, etc.

During the year, the Bank has recruited 918 officers (including PO's), and 827 clerks and 331 sub-staff and also promoted 588 officers to higher scale. Bank has initiated process for further intake of 586 Probationary Officers, 217 Specialist officers and 834 clerks to meet its requirements of personnel for increasing business levels and opening of new branches during 2014-2015.

Transformation through Technology:

As of March 2014, all the 1,633 branches of the bank and the entire business have been brought under CBS.

"***Dena i Connect***" - Internet Banking services *and* ***Dena MConnect*** the mobile Banking Service provide customers the convenience of performing banking transactions on 24x7 basis from their home or office. The customers of the Bank can make payment of Direct Taxes and Indirect Taxes, transfer funds through NEFT/RTGS through internet without visiting the branch.

In mobile banking arena, your bank introduced Immediate Payment Service (IMPS) launched by National Payment Council to enable bank customers to use mobile instruments as a channel for accessing their bank accounts and remit funds.

As a customer protection measure, your Bank has started sending SMS Alert to customers for all transactions including RTGS / NEFT and ATM transactions.

SMS Alerts are sent to customers for due dates of Term Deposits as well as Loan installments also.

Bank has established two E-Lobbies on Pilot basis offering services such as Cash Deposit, Pass Book Printing, Cheque Deposit, ATM and Internet Banking Kiosk. Customers can avail these facilities 24X7 basis.

The number of E-Lobbies will be substantially increased in FY 2014-15 after analyzing the performance of E-Lobbies launched on Pilot basis.

Financial Inclusion Plan:

Bank has been allotted 2,768 villages under Financial Inclusion.

However, the Bank has exceeded the target and covered 2,958 villages, 154 villages are covered through Brick and Mortar Branch and 2804 villages have been covered through Business Correspondent model.

Bank has opened 4.41 lac Basic Savings Bank Accounts during the year and surpassed the target of 4.25 lac accounts. There are 24.55 lac Basic Savings Bank Accounts in the Bank.